रजिस्ट्री सं० डी०(डी)—73 REGISTERED NO D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 22, 1975 (अग्रहायण 1, 1897)
No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 22, 1975 (Agrahayana 1, 1897)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 15 अक्तूबर 1975 तक प्रकाशित किए गए हैं—
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 15th October 1975:—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
203	सं० 106-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75 दिनांक 9 अक्तूबर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	वार्षिक आधार पर 1975-76 के दौरान ओमन (मस्कत) से खजूरों [क्रम सं० 21 (बी)/4] का आयात।
203	No. 106-ITC(PN)/75, dated the 9th October, 1975.	Ministry of Commerce.	Import of Dates [S. No. 21 (b)/IV] from Oman (Muscat) during 1975-76 on annual basis.
	सं० 107-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 9 अक्तूबर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	वार्षिक आधार पर 1975-76 लाइसेंस अवधि के दौरान ईराक से खजूरों [क्रम सं० 21(बी) 4] को आयात।
	No. 107-ITC (PN)/75, dated the 9th October, 1975.	Ministry of Commerce.	Import of Dates [S. No. 21 (b)/IV] from Iraq during 1975-76 licensing period on annual basis.
204	सं० 108-आई० टी० सी० (पी० एन०/75, दिनांक 9 अक्तूबर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	पंचांग वर्ष 1974 या वित्तीय वर्ष 1974-75 के दौरान चुनिन्दा और अन्य उद्योगों द्वारा निर्यात प्रयत्न के सम्बन्ध में साक्ष्य प्रस्तुत करना।
204	No. 108-ITC(PN)/75 dated the 9th October, 1975.	Ministry of Commerce	Export effort by select and other industries during the calender year 1974 or the financial year 1974-1975 production of evidence regarding

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियंत्रक, सिविल लाईन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र नियंत्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

अंक	संख्या और तिथि	द्वारा जारी किया गया	विषय
Issue No.	No. and Date	Issued by	Subject
205	सं० 44-ई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 15 अक्तूबर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	सीमित रुपया-भुगतान व्यवस्था के अन्तर्गत यूगोस्लाविया के लिए निर्यातों के सम्बन्ध में में जानकारी/क्रियाविधि ।
205	No. 44-ETC (PN)/75, dated the 15th October, 1975.	Ministry of Commerce.	Information/Procedure regarding Exports to Yugoslavia under Limited Rupee Payment—Arrangement.
206	सं० 109-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75 दिनांक 17 अक्तूबर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	अखबारी कागज का आयात ।
206	No. 109-ITC (PN)/75, dated the 17th October, 1975.	Ministry of Commerce.	Import of Newsprint.
207	सं० प्रतिअदायगी/पी० एन०-76/75, दिनांक 20 अक्तूबर, 1975	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० प्रतिअदायगी/पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन ।
207	No. Drawback/PN-76/75, dated the 20th October, 1975.	Ministry of Finance.	Amendments in the Table published in the Public Notice No. Drawback/PN-1 dated the 1st October, 1971.
	सं० प्रतिअदायगी/पी० एन० 77/75, दिनांक 20 अक्तूबर, 1975	तदैव	सार्वजनिक सूचना सं० प्रतिअदायगी/पी० एन०-1 दिनांक 15 अक्तूबर 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन ।
	No. Drawback/PN-77/75, dated the 20th October, 1975.	Do	Amendments in the Table published in the Public Notice No. Drawback/PN-1, dated the 15th October, 1971.
208	सं० 45-ई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 23 अक्तूबर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	बन्दरों के निर्यात के लिय आवेदन प्रपत्र ।
208	No. 45-ETC (PN)/ 75, dated the 23rd October, 1975.	Ministry of Commerce.	Application form for export of Monkeys.

विषय-सूची

भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . पृष्ठ 807

भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 1803

भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशो और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 141

भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 1527

भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . . —

भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . . —

भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . 3201

भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयो और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनो को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . . 4017

भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . 497

भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 9829

भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस 779

भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तो द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं —

भाग III—खंड 4—विधिक निकायो द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल है . . . 1987

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियो और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस 205

CONTENTS

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court .. .. PAGE 807

PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1803

PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence 141

PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence 1527

PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills .. .. .. —

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. PAGE 3201

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. 4017

PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence .. 497

PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Officers of the Government of India .. 9829

PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta .. 779

PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners. .. .. —

PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1987

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies .. 205

भाग I—खंड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक, 10 नवम्बर, 1975

सं० 110-प्रेज/75—पच्चीसवीं स्वतंत्रता जयन्ती मैडल पुरस्कार स्थापित किये जाने से सम्बन्धित इस सचिवालय की 17 जनवरी, 1973 की अधिसूचना संख्या 4-प्रेज/73 की चौथी धारा के उप-पैरा (II) की व्यवस्थाओं के अनुसरण में राष्ट्रपति ने निर्णय किया है कि निम्नलिखित दलों/संगठनों के आवर्ती कार्मिकों को भी यह मैडल प्रदान किया जाएगा :

1. अग्नि शमन सेवाएं ।
2. जेल कर्मचारी
3. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल के कार्मिक
4. आसूचना ब्यूरो के तकनीकी कर्मचारी
5. कलकत्ता विशेष पुलिस दल
6. सुरक्षा महानिदेशालय के अधीनस्थ, एस० एस० बी० ए० आर० सी०, एस० एस० एफ०

सं० 111 प्रेज/75—राष्ट्रपति भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री शशि धरन, पिल्ले,
हैड कांस्टेबल सं० 60102022,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ।

श्री खजान सिंह,
जमादार,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

19 जनवरी, 1975 को हिमाचल प्रदेश के बर्फ से घिरे किन्नौर और स्पीती जिलों में अनेक स्थानों पर भूकम्प के बड़े भीषण झटके आये । हैड कांस्टेबल (आपरेटर) श्री शशि धरन पिल्ले भूकम्प के समय समदोह (हिमाचल प्रदेश) में वायरलैस आपरेटर के रूप में काम कर रहे थे । उस समय उन्होंने देखा कि चौकियों के बंकर धंस गए हैं और भारी चट्टानें तथा शिलाखण्ड ऊपर से नीचे की ओर गिरने लगे हैं । सभी वायरलैस सैट और उपकरण मलबे के नीचे दब गए और बाहर के साथ संपर्क की कोई संभावना नहीं रही । जबकि भूकम्प के झटके और भूस्खलन जारी था उस समय श्री पिल्ले अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अन्धकारी हिमपात में बाहर खुले में आ गए और काफी देर तक तलाश करने के बाद मलबे में से उन्होंने एक वायरलैस सैट, एक बैटरी और कुछ अन्य उपकरण ढूंढ निकाले । कई घंटे तक जमाव बिन्दु से भी कम तापमान में काम करने के बाद वे शाम के 6.30 बजे भूकम्प के बारे में प्रथम समाचार भेज सके । उन्होंने सारी रात खुले में कार्य करते हुए भूकम्प ग्रस्त क्षेत्रों से सम्पर्क बनाए रखा ।

भूकम्प के बारे में सूचना प्राप्त होने पर रेकोंग पिओ में स्थित बटालियन मुख्यालय से भारत तिब्बत सीमा पुलिस कर्मचारियों के एक बचाव दल ने राशन, औषधियों और अन्य आवश्यक राहत साधनों के साथ प्रातः चार बजे समदोह के लिए प्रस्थान किया । रास्ते में अनेक स्थानों पर राहत कार्य करने के बाद बचाव दल 21 जनवरी, 1975 को दोपहर बाद 3.30 बजे समदोह पहुंचा । वापस लौटते समय, बटालियन कमांडेंट लैफ्टिनेंट कर्नल पी० एस० ग्रेवाल एक भूस्खलन को पार करते हुए फिसल गए और जब वे नीचे नदी में गिरने ही वाले थे तो उसी समय जमादार श्री खजान सिंह बड़ी सूझबूझ के साथ और अपनी जान को भारी जोखिम में डाल नीचे एक अवरूढ़ शिलाखण्ड पर कूद पड़े और भारी खतरनाक स्थिति में एक चट्टान का आश्रय लेकर कमांडेंट का हाथ पकड़ लिया । फिर बचाव दल के अन्य सदस्य लैफ्टिनेंट कर्नल ग्रेवाल और जमादार खजान सिंह को सुरक्षित स्थान पर वापिस लाने में सफल हो गये ।

श्री शशि धरन पिल्ले और श्री खजान सिंह दोनों ने अत्यन्त कठिन स्थिति और अपनी जान को भारी जोखिम में डालकर उत्कृष्ट वीरता और असाधारण साहस, तत्परता और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक, 21 जनवरी, 1975 से दिया जाएगा ।

कृ० बालचन्द्रन्
राष्ट्रपति के सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 22 नवम्बर 1975

सं० 11/6/75-सी० एस–II—मंत्रिमंडल सचिवालय में कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान द्वारा 1976 में निम्नलिखित सेवाओं/पदों में अस्थायी रिक्तियों में नियुक्ति के लिए ली जाने वाली प्रतियोगितात्मक परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किये जाते हैं :—

(1) भारतीय विदेश (ख) ग्रेड 6;

(2) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा-ग्रेड 2;

(3) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अवर श्रेणी ग्रेड;

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा अवर श्रेणी ग्रेड;

(5) संसदीय कार्य विभाग, नई दिल्ली में श्रेणी लिपिक के पद;

(6) विशेष महानिरीक्षक, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, दिल्ली के कार्यालय में अवर श्रेणी लिपिक के पद;

(7) केन्द्रीय सतर्कता आयोग में निम्न श्रेणी लिपिक के पद; तथा

(8) उपर्युक्त सेवाओं के अन्तर्गत न आने वाले भारत सरकार के अन्य विभागों तथा संबद्ध कार्यालयों में अवर श्रेणी लिपिक के पद ।

कोई उम्मीदवार उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी भी एक या एक से अधिक सेवाओं/ पदों के लिए आवेदन कर सकता है यदि वह चाहे तो उसे केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा की आरक्षित सूची में शामिल करने के लिए भी विचार किया जा सकता है । वह जितनी भी सेवाओं/पदों के लिए विचार करवाना चाहे उन सबका उल्लेख आवेदन-पत्र में करे ।

नोट:— उम्मीदवारों को चाहिए कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिए विचार करवाना चाहते हैं, उनका प्राथमिकता क्रम स्पष्टतः लिखें । उम्मीदवार द्वारा प्रारम्भ में अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट सेवाओं/पदों के प्राथमिकता क्रम में परिवर्तन करने की किसी भी ऐसी प्रार्थना पर, जो सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान (परीक्षा स्कंध) के कार्यालय में दिनांक 31 दिसम्बर 1976 को या उस से पहले मिल जाए, विचार नहीं किया जाएगा ।

2. परीक्षा के परिणाम पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या संस्थान द्वारा जारी की गई सूचना में निर्दिष्ट की जाएगी । भारत सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियों में भूतपूर्व सैनिक तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण किया जाएगा ।

भूतपूर्व सैनिक का अर्थ उस व्यक्ति से है जो संघ की सशस्त्र सेना में किसी पद पर (चाहे लड़ाकू के रूप में रहा हो अथवा नहीं) निरन्तर 6 मास की अवधि तक रहा हो और दुराचार या अदक्षता के कारण पदच्युत या सेवा मुक्त किए जाने को छोड़कर अन्य किसी कारण से नौकरी से मुक्त कर दिया गया है ।

स्पष्टीकरण:—इन नियमों के लिए "संघ की सशस्त्र सेना" में भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेनाएं शामिल होंगी परन्तु निम्न सेनाओं के सदस्य शामिल नहीं हैं :—

(क) आसाम राइफल्स ;

(ख) लोक सहायक सेना;

(ग) जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ;

(घ) जम्मू तथा कश्मीर मलेशिया

(ङ) सैनिक सुरक्षा दल; तथा

(च) प्रादेशिक सेना ।

अनुसूचित जाति/ आदिम जाति का अर्थ उस किसी भी जाति/ आदिम जाति से है जिसका उल्लेख बम्बई पुनर्गठन अधिनियम 1960 तथा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, अनुसूचित जाति/आदिम जाति संशोधन आदेश 1956, संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश 1956, संविधान (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959 संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (आदिम जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन व दीव) आदिम जाति आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन व दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968, तथा संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 के साथ पठित अनुसूचित जाति/आदिम जाति सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956 में हैं ।

3. सचिवालय प्रशिक्षण प्रबन्ध संस्थान द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट I में निहित विधि से किया जाएगा ।

परीक्षा की तारीखें और स्थान संस्थान द्वारा निर्धारित किये जाएंगे ।

4. यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से 2 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आ गया हो, या

(च) ऐसा मूल भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, बंगला देश, बर्मा, श्रीलंका, तथा पूर्वी अफ्रीकी देशों

केन्या, उगाण्डा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तांगानिका व जंजीबार) से प्रव्रजित हुआ हो परन्तु ऊपर की श्रेणी (ग), (घ), (ङ) और (च) से संबंधित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता प्रमाण पत्र होना चाहिए।

परन्तु निम्नलिखित में से किसी भी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के मामलों में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक नहीं होगा :—

(1) वे व्यक्ति जो 19 जुलाई, 1948 से पहले पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित हुए और तभी से आमतौर पर भारत में ही रह रहे हैं।

(2) वे व्यक्ति जो 19 जुलाई, 1948 को या इसके बाद पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित हुए और भारत के संविधान के अनुच्छेद 6 के अधीन अपने को भारत के नागरिक पंजीकृत करा चुके हैं।

(3) ऊपर की श्रेणी (च) के वे गैर-नागरिक जो संविधान लागू होने की तारीख अर्थात् 26 जनवरी 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में आ गए और तभी से लगातार उस सेवा में हैं। परन्तु जो व्यक्ति सेवा भंग करके 26 जनवरी, 1950 के बाद उस सेवा में फिर आया हो अथवा फिर आए, उसे औरों की भांति पात्रता प्रमाण-पत्र लेना आवश्यक होगा।

इसके अतिरिक्त एक शर्त यह भी है कि उपर्युक्त श्रेणी (ग), (घ) तथा (ङ) के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड-VI में नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

किसी ऐसे उम्मीदवार को, जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक है, इस शर्त पर परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है तथा अनन्तिम रूप से उसकी नियुक्ति भी की जा सकती है, कि उसे सरकार आवश्यक प्रमाण-पत्र दे दे।

5. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिमजाति का सदस्य न हो, या संघ राज्य क्षेत्र गोआ, दमन तथा दीव का निवासी न हो, या केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन करके न आया हो, वह प्रतियोगिता में दो से अधिक बार नहीं बैठ सकता, किन्तु यह प्रतिबन्ध सन् 1961 में हुई परीक्षा से लागू होगा।

टिप्पणी 1. यदि परीक्षा के परिणाम के प्रकाशित होने से पहिले अथवा बाद में किसी भी समय यह पाया गया कि उम्मीदवार परीक्षा में दो बार पहले ही बैठ चुका था और इस परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं था तो उसका परिणाम, यथास्थिति, रोक लिया जाएगा अथवा रद्द कर दिया जाएगा और नियम 15 के अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

टिप्पणी 2. यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए, परीक्षा में बैठे, तो इस नियम के प्रयोजन के लिए उस उम्मीदवार को परीक्षा के अन्तर्गत आने वाली सभी सेवाओं/पदों के लिए एक बार प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा माना जाएगा।

टिप्पणी 3. किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा हुआ तब माना जाएगा जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षा में बैठा हो।

6. (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह जरूरी कि 1 जनवरी, 1976 को उम्मीदवार की आयु पूरे 18 वर्ष की हो गई हो और पूरे 25 वर्ष की न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1951 से पहले और 1 जनवरी, 1958 के बाद न हुआ हो।

(ख) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामले में जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में कम से कम छः महीने की निरन्तर सेवा की हो उनकी सशस्त्र सेना में कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि तक ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

परन्तु इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए ही प्रतियोगी होने के हकदार होंगे।

टिप्पणी :—उपरोक्त नियम 6 (ख) के प्रयोजन के लिए किसी भूतपूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में आह्वान पर सेवा ("काल अप सरविस") की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी।

(ग) उक्त ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और अधिक छूट दी जाएगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(2) यदि उम्मीदवार बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद किन्तु 25 मार्च, 1971 से पूर्व प्रव्रजन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का सदस्य हो तथा बंगला देश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद किन्तु 25 मार्च, 1971 से पूर्व प्रव्रजन कर के भारत आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और अक्टूबर, 1964 के भारत-लंका समझौते के अधीन पहली

नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 3 वर्ष तक,

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का सदस्य हो तो तथा श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और अक्टूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके पश्चात् श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(6) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और दीव का निवासी हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(7) यदि उम्मीदवार मूल भारतीय हो और केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजित हो तो अधिकतम तीन वर्ष तक,

(8) यदि उम्मीदवा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश-प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(9) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का सदस्य हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित मूल भारतीय व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(10) किसी दूसरे देश से युद्ध के दौरान अथवा उपद्रव-ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरुप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(11) किसी दूसरे देश से युद्ध के दौरान अथवा उपद्रव-ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरुप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों से मामले में जो अनुसूचित जातिया अथवा अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्य हों, अधिकतम 8 वर्ष तक,

(12) सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के लिए जो भारत पाकिस्तान संघर्ष 1971 के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणामस्वरुप निर्मुक्त हुए उम्मीदवारों के मामलों में अधिकतम तीन वर्ष,

(13) सीमा सुरक्षा दल के अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के सदस्य कार्मिकों के लिए जो भारत-पाकिस्तान संघर्ष 1971 के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणामस्वरुप निर्मुक्त हुए उम्मीदवारों के मामलों में अधिकतम 8 वर्ष तक ।

(घ) उक्त ऊपरी आयु सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष तक आयु की छूट दी जाएगी जो भारत सरकार के विभिन्न विभागों में तथा निर्वाचन आयोग के कार्यालय में लिपिकों के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त हैं और 1 जनवरी, 1976 को जिन्होंने लिपिकों के रूप में काम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा की है और और उसी रूप मे कार्य करती आ रहे हैं ।

परन्तु यह भी शर्त है कि उक्त आय की छूट उन व्यक्तियों को नही दी जाएगी जो मन्त्रालय/विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में (1) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा (2) भारतीय विदेश सेवा (ख), (3) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा और (4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में लिपिकों के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा उन व्यक्तियों को जो भूतपूर्व सैनिक हैं और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए परीक्षा में बैठ रहे हैं ।

(ङ) उक्त ऊपरी आयु-सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष की आयु तक छूट दी जाएगी जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले भारत सरकार के विभिन्न मन्त्रालयों/विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों मे हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकड़ के पदों पर नियुक्त हैं और 1 जनवरी, 1976 को जिन्होंने हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकणों के रूप में कम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा की है और उसी रूप में कार्य करते आ रहे हैं ।

परन्तु शर्त यह है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक केवल केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता के पात्र होंगे ।

(च) ऊपरी आयु सीमा में उन सैनिको लिपिकों को 45 वर्ष की आयु तक की छूट दी जाएगी जो सशस्त्र सेना में अपनी कलर सेवा के अन्तिम वर्ष में हैं अर्थात् उन को जो सेना से 2 जनवरी, 1976 से 1 जनवरी, 1977 की अवधि में निवृत्त होने वाले हैं ।

परन्तु शर्त यह है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट उम्मीदवार केवल सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्तर्सेवा संगठनों में रिक्त स्थानों के लिए ही, जो भूतपूव सैनिकों के लिए आरक्षत नही हैं, प्रतियोगिता के पात्र होंगे ।

टिप्पणी (1) डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल-डाक छंटाईकारों की सेवा उपर्युक्त नियम 6 (घ) के प्रयोजन के लिए लिपिक के ग्रेड में की गई सेवा मानी जाएगी ।

टिप्पणी (2) यदि किसी उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम (6) (घ) और नियम (6) (ङ) में उल्लिखित आयु सम्बन्धी रियायतों के अन्तर्गत परीक्षा में बैठने दिया गया हो और यदि आवेदन पत्र देने के बाद, परीक्षा मे बैठने से पहले या बाद में, वह नौकरी से त्यागपत्र दे दे या उसके विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त करदी जाएं, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । लेकिन यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद सेवा या पद से उसकी छटनी हो जाए तो वह पात्र बना रहेगा ।

टिप्पणी (3) किसी लिपिक को जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद (एक्स-केडर पोस्ट) पर प्रतिनियुक्ति हो, अन्य सब प्रकार से पात्र होने पर परीक्षा में बैठने दिया जायेगा ।

टिप्पणी (4) ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा निर्धारित आयु-सीमाओं में किसी हालत में छूट नहीं दी जा सकेगी ।

7. यह आवश्यक है कि उम्मीदवारों ने नीचे लिखी परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की हो या उनके पास निम्नलिखित में से एक प्रमाण-पत्र हो:—

(1) भारत के केन्द्रीय अथवा राज्य विधान मण्डल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की मद्रिक परीक्षा;

(2) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अन्त में शालान्त (स्कूल लीविंग), माध्यमिक स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण-पत्र के दिये जाने के लिये, जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिये मैट्रिक के प्रमाणपत्र के समकक्ष मानती हो, ली गई कोई परीक्षा;

(3) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा (सीनियर कैम्ब्रिज);

(4) राज्य सरकारों द्वारा ली गई यूरेपीय हाई स्कूल परीक्षा;

(5) दिल्ली पोलीटैक्नीक के तकनीकी हायर सेकेण्डरी स्कल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र;

(6) भारत में किसी मान्यताप्राप्त हायर सेकेण्डरी स्कूल/बहु-उद्देशीय स्कूल द्वारा हायर सेकेंण्डरी पाठ्यक्रम/बहु-उद्देशीय पाठ्यक्रम (जो किसी छात्र को तीन वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए पात्र बनाता है) के उपान्तिम वर्ष के अन्त में ली गई परीक्षा में उत्तीर्ण ;

(7) इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार कराने वाले किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की दसवी कक्षा का प्रमाण-पत्र;

(8) श्री अरविन्द अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडीचेरी के उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र;

(9) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की जूनियर परीक्षा (केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिए);

(10) बंगाल (साइंस) स्कूल सर्टिफिकेट,

(11) नेशनल काउन्सिल आफ एजूकेशन (राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्) जादवपुर, पश्चिमी बंगाल की फाइनल स्कूल स्टन्डर्ड परीक्षा (प्रारम्भ से) ;

(12) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद की 'विनीत' परीक्षा;

(13) पांडिचेरी की नीचे लिखी फ्रेंच परीक्षाएं:—

(1) ब्रीबे एलिमेनटेएर;

(2) ब्रीबे द ए सीमा प्रोमियर द लांग इंडियन;

(3) ब्रीबे दे एतवद दू प्रीमिये सिकल,

(4) ब्रीबे दएंसीम प्रीमीयेर सुपीरिबेर दे लांग इंडियेन, और

(5) ब्रीबे दे लांग इंडियेन (वर्नाक्युलर) ;

(14) गोवा, दमन और दीव की पुर्तगाली परीक्षा 'लाइसियूम' के पांचवे वर्ष में पास;

(15) इंडियन आर्मी स्पेशल सर्टिफिकेट आफ एजूकेशन,

(16) भारतीय नौसेना का हायर एजुकेशन टैस्ट;

(17) एडवांस क्लास (भारतीय नौसेना) परीक्षा;

(18) सीलोन सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा ;

(19) ईस्ट बंगाल सकेंडरी एजूकेशन बोर्ड ढाका द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र;

(20) बंगला देश स्थित कोमीला-राजशाही/खुलना/जैसोर के बोर्ड आफ सैकेण्डरी एजुकेशन द्वारा दिया गया सैकेंडरी स्कूल प्रमाण पत्र ;

(21) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट परीक्षा;

(22) एंग्लोवर्नाक्यूलर स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (बर्मा);

(23) बर्मा हाई स्कूल फाईनल एग्जामिनेशन प्रमाण-पत्र (विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के लिए प्रमाण पात्रता सहित);

(25) शिक्षा विभाग बर्मा की एंग्लोवर्नाक्यूलर हाई स्कूल परीक्षा (युद्ध पूर्व) ;

(25) बर्मा आ पोस्टवार स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट;

(26) सामान्य स्तर पर श्रीलका की जनरल सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन परीक्षा यदि वह पांच विषयों में पास की गई हो ;

(27) सामान्य स्तर पर लंदन के एसोसिएटेड एग्जामिनेशन बोर्ड स की जनरल सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो ;

(28) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर-/सैकेण्डरी तकनीकी स्कूल परीक्षा ,

(29) वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित) या पुरान खंड मध्यमा (प्रथम दो वर्ष का पाठ्यक्रम) तथा अतिरिक्त विषयों में , जिनमें एक विषय अंग्रेजी हों, विशिष्ट परीक्षा;

(30) गोवा, दमन तथा दीव की स्वतन्त्रता से पूर्व पुर्तगाली शासन के अधीन इस्कोला इन्डस्ट्रीयल, कार्माशियल दी गोवा, पणजी द्वारा दिये गये लुहार पाठ्यक्रम का प्रमाण-पत्र तथा बिजली-मिस्तरी पाठ्यक्रम का प्रमाण-पत्र ;

(31) राष्ट्रीय भारतीय मिलिट्री कालेज डिप्लोमा परीक्षा;

(32) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संचालित "मध्यमा" परीक्षा ;

(33) कारपोरल के पद पर पदोन्नति के लिए शिक्षा निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा ली जाने वाली भारतीय वायुसेना शैक्षिक परीक्षा;

(34) दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 1965 में ली गई विज्ञान की अर्हक परीक्षा ;

(35) शिक्षा मंत्रालय, मलेशिया के सहयोग से कैम्ब्रिज स्थानीय परीक्षा सिंडीकेट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मलेशिया सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन परीक्षा;

(36) पंजाब विश्वविद्यालय की उच्चतर माध्यमिक (कोर विषय) परीक्षा;

(37) बाल प्रशिक्षण संस्थान, विशाखापत्तनम द्वारा संचालित (भारतीय नौसेना) परीक्षा पास करना;

(38) आंगल-भारतीय विद्यालय, मद्रास के निरीक्षक द्वारा जारी किया गया आंगल -भारतीय हाई स्कूल परीक्षा (स्टैंडर्ड XI) का प्रमाण-पत्र;

(39) भारतीय विद्यालय प्रमाण-पत्र परीक्षा-परिषद द्वारा संचालित माध्यमिक शिक्षा परीक्षा (कक्षा X परीक्षा) का भारतीय प्रमाण-पत्र, बशर्ते कि यह परीक्षा पांच विषय लेकर पास की गई हो जिसमें गणित, विज्ञान और कम से कम दो भाषाएं सम्मिलित हों । पांचवां विषय ग्रुप I के शेष विषयों (भारतीय इतिहास एंव संस्कृति नागरिक शास्त्र तथा भूगोल) अथवा ग्रुप II के विषयों (कला, तकनीकी ड्राईंग के साथ लकड़ी का कार्य अथवा धातु-कार्य, प्रारम्भक गृहविज्ञान, प्रारम्भिक लेखा-जोखा और कार्यालय पद्धति के साथ आशु-लिपि तथा टंकण) में से कोई सा हो सकता है; और

(40) तनजानिया सरकार की परीक्षा परिषद द्वारा संचालित राष्ट्रीय फार्म 4 परीक्षा ;

(41) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली द्वारा ली गई जामिया उच्चतर माध्यमिक परीक्षा ;

(42) ऐस्कोला प्रोफेशनल डी डान बास्को, वाल्पोई (गोवा) द्वारा दिए गए कर्सो गिनक्वैनल डी मेकैनिकों में पास हों ;

(43) भारत के किसी उच्चतर माध्यमिक और बहुदेशीय विद्यालय से उपानितम वर्ष की परीक्षा पास की हो; और

(44) कामेश्वर सिंह दरभंगा, संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा का नवीन उत्तर मध्यमा (अंग्रेजी के साथ) ।

टिप्पणी कुछ विशिष्ट मामलों में , जहां कि उम्मीदवार के पास उक्त नियमों के अनुसार कोई उपाधि नहीं हैं केन्द्रीय सरकार उसे अर्हता -प्राप्त उम्मीदवार मान सकती है बशर्ते कि वह उस स्तर तक अर्हता प्राप्त है जो उस सरकार की राय में परीक्षा में प्रवेश करने के लिए यथोचित है ।

8. (1) जिस व्यक्ति ने—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, जिसका / जिसकी/पति/पत्नी जीवित है, या

(ख) जिसने जीवित पति या पत्नी के होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं माना जाएगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार संतुष्ट न हो जाए कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाह में दूसरे पक्ष पर लागू वैयक्तिक कानून के अनुसार ऐसा विवाह स्वीकार्य है तथा ऐसा करने के अन्य कारण हैं और जब तक उसको इस नियम से छूट न दे दे ।

(2) जिस व्यक्ति ने विदेशी राष्ट्रिक से विवाह किया है, वह भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड-6 की नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा ।

(3) जिस व्यक्ति के तीन से अधिक बच्चे हैं वह भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा ।

9. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी हैसियत से पहले से सरकारी सेवा कर रहा हो, उसे इस परीक्षा में बैठने से पहले अपने विभाग के अध्यक्ष की अनुमति अवश्य ले लेनी चाहिए ।

10. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलता पूर्वक निभाने में बाधक हो । यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने की सम्भावना होगी ।

टिप्पणी—अशक्त भूतपूर्व रक्षा कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा के सैन्य विघटन डाक्टरी बोर्ड (डीमोबीलाइजेशन मेडकल बोर्ड) द्वारा दिया गया स्वस्थता प्रमाण-पत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिए पर्याप्त समझा जाएगा।

11. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में संस्थान का निर्णय अन्तिम होगा।

12. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जायेगा जब तक उसके पास संस्थान का प्रवेश-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो।

13. सशस्त्र सेना से निवृत भूतपूर्व सैनिक तथा जिन्हें संस्थान के नोटिस के पैरा 8(IV) के अन्तर्गत शुल्क की छूट दी गई है, को छोड़कर सभी उम्मीदवारों को संस्थान के नोटिस के पैरा 8(1) में विहित शुल्क देना होगा।

14. यदि उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी प्रकार की सहायता प्राप्त करने का यत्न किया तो उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए अयोग्य माना जा सकता है।

15. यदि किसी उम्मीदवार को संस्थान द्वारा निम्नलिखित बातों के लिये दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप में कार्य साधन कराया है, अथवा

(iv) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(vii) परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाये हैं, अथवा

(viii) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है, अथवा

(ix) उपर्युक्त खण्डो में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा संस्थान को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया है तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) संस्थान द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिये अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिये

(i) संस्थान द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिये,

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह पहले से सरकारी नौकरी में हो तो उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

16. परीक्षा के पश्चात् टंकण परीक्षा में पास होने वालों को अन्तिम रूप से प्रत्येक उम्मीदवार की लिखित परीक्षा में दिए गए कुल अंकों के आधार पर संस्थान उम्मीदवारों की गुणानुक्रम में सूची बनाएगा और उसी क्रम से परीक्षा परिणामों के आधार पर भरे जाने के लिए निश्चित आरक्षित रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार जितने उम्मीदवारों को परीक्षा के द्वारा अर्हता प्राप्त समझेगा, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश करेगा।

लेकिन यह भी शर्त है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या सामान्य स्तर के अनुसार न भरी गई तो उनके लिए आरक्षित स्थानों की पूर्ति के लिए सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान निर्धारित सामान्य स्तर में रिआयत देकर भी अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या तक स्थानों पर, परीक्षा में उनके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान दिए बिना ही, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश कर सकता है, बशर्ते कि वे सेवा में चुने जाने के योग्य हों।

आगे यह भी शर्त है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या सामान्य स्तर के अनुसार न भरी गई तो उनके लिए आरक्षित स्थानों की पूर्ति के लिए सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान सामान्य स्तर में रिआयत देकर भी भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित स्थानों में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति के भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या तक स्थानों पर, परीक्षा में उनके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान दिए बिना ही उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश कर सकता है, बशर्ते कि वे सेवा में चुने जाने के योग्य हों।

17. परीक्षा-परिणाम के आधार पर नियुक्तियां करते समय किसी उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए (आवेदन पत्र के कालम 14 में) बताई गई प्राथमिकताओं का समुचित ध्यान रखा जाएगा।

18. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा-फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय संस्थान अपने विवेकानुसार करेगा और संस्थान परीक्षा-फल के संबंध में उनसे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

19. आवश्यक जांच के बाद जब तक सरकार संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है, तब तक परीक्षा में पास हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकारी नहीं मिल जाता।

20. जिन सेवाओं/पदों के लिए इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है, उनसे संबंधित सेवा की शर्तें संक्षेप में परिशिष्ट 2 में दी गई हैं।

के० बी० नायर,
अवर सचिव

परिशिष्ट 1

1. परीक्षा निम्न योजना के अनुसार होगी :—

भाग 1—लिखित परीक्षा:—लिखित परीक्षा क विषय, परीक्षा के लिए दिया गया समय और प्रत्येक विषय के पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

पत्र संख्या	विषय	पूर्णांक		दिया गया समय
1.	सामान्य अंग्रेजी तथा लघु निबन्ध			
	(क) लघु निबन्ध	100	200	3 घन्टे
	(ख) सामान्य अंग्रेजी	100		
2.	भारत के भूगोल सहित सामान्य ज्ञान	100		2 घन्टे

भाग 2—टंकण परीक्षा : संस्थान के विवेकानुसार लिखित परीक्षा में निर्धारित कम से कम स्तर प्राप्त करने वाले उम्मीदवार ही टंकण परीक्षा के पात्र होंगे ।

टंकण परीक्षा के निम्न दो प्रश्न पत्र होंगे :—

पत्र संख्या	विषय	दिया गया समय
1.	लगातार टाइप करने की सामग्री (रनिंग मैटर)	10 मिनट
2.	सारणीबद्ध विवरण (टेबुलर स्टटमट)	10 मिनट

परीक्षा के नियमों के नियम 16 के अनुसार केवल वे ही उम्मीदवार नियुक्ति के लिए सिफारिश के पात्र होंगे जो अंग्रेजी में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अथवा हिन्दी में कम से कम 26 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण परीक्षा पास करेंगे ।

